AMAR UJALA

Page No. 04 (My City) Date : 12th Jan 2020

राजनगर एक्सटेंशन में चिकित्सा शिविर आज

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल के तहत रविवार को चिकित्सा शिविर लगेगा। लोग जांच शिविर में स्वास्थ्य की करा सकते हैं। आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से राजनगर एक्सटेंशन स्थित सांगवान अपार्टमेंट में शिविर लगेगा। शिविर की शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी और समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग और फिजियोथैरिपी से संबंधित समस्या होने पर लोग शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श ले सकते हैं।

अपराजिता
100 MILLION SMILES

AMAR UJALA

Page No. 04 (My City) Date. 13th Jan 2020

स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है जांच

माई सिटी रिपोर्टर

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन के सांगवान अपार्टमेंट्स में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने दांतों की जांच कराई। चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया।

स्वास्थ्य शिविर में सोसायटी के कुल 184 लोग जांच के लिए पहुंचे, जिसमें से 104 लोगों के दांतों की जांच की गई। इनमें से 41 मरीजों को फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 42 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। नौ लोगों के दांतों में चिकित्सकों ने मसाला भरा। सात लोगों के दांत खराब होने पर निकाले गए। बच्चों के दांतों में कैविटी की समस्या होने पर फ्लूराइड एप्लीकेशन किया गया। डॉ. अनुभव शर्मा के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। डॉ. अनुभव ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए समय-समय पर जांच कराना आवश्यक है। खासकर बच्चों को दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी चिकित्सकों ने दी।

दांतों की सुंदरता बनाए रखने के लिए चिकित्सकों से परामर्श लिया। दांतों की देखभाल के लिए टिप्स मिले। **- मेघा**

इस तरह के शिविर आयोजित होने से लोगों को लाभ मिलता है और घर के नजदीक ही चिकित्सा सेवाएं मिल जाती हैं। **- दीपा**

अपार्टमेंट में शिविर आयोजित होने का लाभ मिला। दांतों और फिजियोथेरिपी संबंधित परामर्श चिकित्सकों ने दिया। **- पूजा**

बच्चों के स्वास्थ्य के साथ दांतों की देखभाल जरूरी है। चिकित्सकों ने इस तरह के टिप्स दिए, जिससे दांतों की अच्छी देखभाल की जा सकती है। **- तनुजा**